Title: Need to provide ration at subsidised rates under Public Distribution System to the people living below poverty line in U.P.-Laid.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद): सभापति महोदय, तत्कालीन सरकार ने पूरे देश के सभी प्रदेशों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वालों के लिए सस्ते रेट पर राशन कार्ड के द्वारा राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है लेकिन इस व्यवस्था का पूर्ण रूप से दुरुपयोग किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी तक गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों की सूची ही नहीं चिन्हित की है और न ही गांव में रहने वाले गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को राशन कार्ड जारी किए हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि गरीब जनता को आवंटित होने वाले खाद्यान्न की चोरबाजारी को रोका जाए। केन्द्रीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उनके लिए खाद्यान्न आवंटन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।